Total Pages : 32

**34 - II**

# 34

Optional Paper

## Hindi Lit.

## Paper – II

Time : **3** Hours | Maximum Marks : **200**

### IMPORTANT NOTES / महत्वपूर्ण निर्देश

(A) Please fill up the OMR Sheet of this Question Answer Booklet properly before answering. Please also see the directions printed on the obverse before filling it.
प्रश्नोत्तर पुस्तिका में प्रश्न हल करने से पूर्व उसके संलग्न ओ.एम.आर. पत्रक को भली प्रकार भर लें । उसे भरने हेतु उसके पृष्ठ भाग पर मुद्रित निर्देशों का अध्ययन कर लें ।

(B) The question paper has been divided into three Parts - **A, B** and **C**. The number of questions to be attempted and their marks are indicated in each part.
प्रश्न–पत्र अ, ब और स तीन भागों में विभाजित है । प्रत्येक भाग में से किये जाने वाले प्रश्नों की संख्या और उनके अंक उस भाग में अंकित किये गये हैं ।

(C) Attempt answers in **Hindi**.
उत्तर हिन्दी भाषा में दीजिये ।

(D) Answers to all the questions of each part should be written continuously in the script and should not be mixed with those of other parts. In the event of candidate writing answers to a question in a part different to the one to which the question belongs, the question will not be assessed by the examiner.
उत्तर पुस्तिका में प्रत्येक भाग के समस्त प्रश्नों के उत्तर क्रमवार देने चाहिये तथा एक भाग में दूसरे भाग के उत्तर नहीं मिलाने चाहिये । एक भाग में दूसरे भाग के प्रश्न के उत्तर लिखे जाने पर ऐसे प्रश्न को जाँचा नहीं जा सकता हैं ।

(E) The candidates should not write the answers beyond the limit of words prescribed in parts **A, B** and **C** failing this the marks can be deducted.
अभ्यर्थियों को भाग अ, ब और स में अपने उत्तर निर्धारित शब्दों की सीमा से अधिक नहीं लिखने चाहिये। इसका उल्लंघन करने पर अंक काटे जा सकते हैं ।

(F) **In case the candidate makes any identification mark i.e. Roll No./Name/Telephone No./Mobile No. or any other marking either outside or inside the answer book, it would be treated as resorting to using unfair means. In such a case his candidature shall be rejected for the entire examination by the Commission.**
**अभ्यर्थी द्वारा उत्तर पुस्तिका के अंदर अथवा बाहर पहचान चिन्ह यथा – रोल नम्बर / नाम / मोबाईल नम्बर / टेलीफोन नम्बर लिखे जाने या अन्य कोई निशान इत्यादि अंकित किये जाने को अनुचित साधन मान जायेगा। आयोग द्वारा ऐसा पाये जाने पर अभ्यर्थी की सम्पूर्ण परीक्षा में अभ्यर्थिता रद्द कर दी जायेगी ।**

BLANK PAGE

अंक : 40

नोट : समस्त २० प्रश्नों के उत्तर दीजिये। प्रत्येक प्रश्न के लिये २ अंक निर्धारित है। उत्तर १५ शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिये।

१ "नैनि हमारे जलि गये, छिन–छिन लौड़ै तुझ ।
नाँ तूँ मिलै न मैं खुसी, ऐसी वेदन मुझ ।"
पंक्ति में "लौड़ै" का अर्थ स्पष्ट करते हुए, भावार्थ कीजिए ।

२ "सतगुरु मिल्या त का भया, जे मनि पाड़ी भोल ।
पासि बिनठा कप्पड़ा, क्या करै बिचारी चोल ।"
उपर्युक्त पंक्तियों में 'जे मनि पाड़ी भोल' और 'पासि बिनठा कप्पड़ा' का अर्थ स्पष्ट कीजिए।

३ "रानी मैं जानी अयानी महा, पबि पाहनहू तैं कठोर हियों है" का अर्थ स्पष्ट कीजिए ।

४ “खिला हो ज्यौं बिजली का फूल” में श्रद्धा के शरीर की किन विशेषताओं को व्यक्त किया गया है ।

५ “मेरे जान जबतें हौं जीव है जनम्यो जग,
तब तें बेसाह्यो दाम लोह, कोह काम को ।”
पंक्ति का भावार्थ लिखिए ।

६ ‘जब–जब बै सुधि कीजियै, तब–तब सुधि जाँहि ।
आँखिनु आँखि लगी रहैं, आखें लागति नाहिं ।’
दोहे का अर्थ लिखिए ।

७ 'निधड़क सूतौ के हरी, तो भी विमुहा पाव ।
गज गैंडा धीर न धरै, वज्र पड़ै बघबाव ।'
'वज्र पडै बघबाव' का भाव लिखिए ।

८ न्यायोचित अधिकार माँगने से न मिले तक उसके लिए क्या करना उचित होता है ?

९ 'चल रही शिविर की ओर स्थविर--दल ज्यों विभिन्न' पंक्ति में 'स्थविर दल ज्यों विभिन्न' का अर्थ स्पष्ट कीजिए ।

१० 'असाध्य वीणा' में किरीटी तरु की विशालता का वर्णन कीजिए ।

११ 'गबन' उपन्यास के शीर्षक की सार्थकता स्पष्ट कीजिए ।

१२ 'जिन्हें सुनना चाहिए, वे सब तो एक खड़–स्टैंप के सिवा कुछ समझते ही नहीं मुझे' इस कथन में 'रबड स्टैंप' शब्द किसने, किसके लिए एवं क्यों प्रयुक्त किया ।

१३ 'आधे-अधूरे' नाटक में काले सूट वाले व्यक्ति के चार रूपान्तरण कौन-से हैं ?

१४ शुक्ल जी के अनुसार लज्जा और ग्लानि में अंतर स्पष्ट कीजिए ।

१५ 'पुरस्कार' कहानी में मधूलिका ने पुरस्कार में क्या माँगा और क्यों ?

१६ 'उतरा ज्यों दुर्गम पर्वत पर नैशान्धकार' पंक्ति का आशय स्पष्ट कीजिए ।

१७ 'चौमास्याँ री बावड़ी, ज्याँ कुँ नीरणा पीवाँ ।'
पंक्ति में 'चौमास्या री बावड़ी' पदबंध का आशय स्पष्ट कीजिए ।

१८ मुक्तिबोध का 'ब्रह्मराक्षस' उसके पूर्वजन्म में क्या था ?

१९ श्रद्धा सर्ग में प्रसाद द्वारा प्रयुक्त समरसता को स्पष्ट करने के लिए प्रयुक्त दो उपमान लिखिए ?

२० गदल के चरित्र की दो विशेषताएँ उदाहरण के साथ लिखिए ।

नोट : समस्त १२ प्रश्नो के उत्तर दीजिये। प्रत्येक प्रश्न के ५ अंक निर्धारित हैं। उत्तर ५० शब्दों के अधिक नहीं होना चाहिए।

२१ ''दीपक पावक आँणिया, तेल भी आँण्या संग ।
तीन्यूं मिलि करि जोइया (तब) उड़ि उड़ि पड़ैं पतंग ।''
साखी में प्रयुक्त 'दीपक', 'पावक', 'तेल' और 'पतंग' शब्दों का अर्थ स्पष्ट करते हुए साखी का भावार्थ लिखिए ।

२२ ''रावरे दोषु न पायन को, पगधूरि को भूरि प्रभाउ महा है ।
पाहन तें वन–बाहनु काठ को कोमल है, जलुखाइ रहा है ।''
उपर्युक्त पंक्तियों में व्यक्त केवट के वाग्वैदग्ध्य को स्पष्ट कीजिए ।

२३ 'गोकुल सबै गोपाल उपासी' में गोपियों की एक निष्ठता को स्पष्ट कीजिए ।

२४ 'पावक सो नयननु लगै जावकु लाग्यौ भाल ।
मुकुरु होहुगे नैंक मैं, मुकुरु बिलौकौ, लाल ।'
इस दोहे में 'जावकु', 'मुकुरु होहुगे', 'मुकुरु' पदों का अर्थ स्पष्ट करते हुए वक्ता का भाव लिखिए ।

२५ 'और यह क्या तुम सुनते नहीं,
विधाता का मंगल वरदान'
इन पंक्तियों में वक्ता कौन है ? वह किसे सम्बोधित कर रहा है, और क्या संदेश दे रहा है – स्पष्ट कीजिए।

२६ 'शत शुद्धि–बोध–सूक्ष्मातिसूक्ष्म मन का विवेक,
जिनमें है क्षात्र–धर्म का धृत पूर्णाभिषेक ।'
उपर्युक्त कथन का वक्ता कौन है, कथन की भाव–व्यंजना स्पष्ट कीजिए ।

२७ 'असाध्य वीणा' कविता में वीणा के झंकृत होने पर राजा को क्या अनुभूति हुई, अपने शब्दों में लिखिए ।

२८ 'वह कौन रोता है वहाँ,....
जिसका हृदय उतना मलिन जितना कि शीर्ष वलक्ष है' इन पंक्तियों में रोने वाला 'वह' कौन है, 'वलक्ष' का तात्पर्य क्या है ?

२९ 'एक ही प्रकार की भीरुता ऐसी दिखाई पड़ती है जिसकी प्रशंसा होती है ।' शुक्लजी किस भीरुता की ओर संकेत कर रहे हैं, उसकी प्रशंसा क्यों होती है ?

३० 'आधे अधूरे' नाटक के नाम का औचित्य लिखिए।

३१ 'उसने कहा था' कहानी में 'उसने कहा था' यह वाक्य कौन बोलता है, इस वाक्य में 'उसने' किसके लिए आया है और उसने क्या कहा था ?

३२ 'नाग द्रमंका की पड़ै, नागण घर मचकाय ।
इण रा भोगणा हार जे आज भिड़ाणा आय ।'
उपर्युक्त दोहे का व्यंग्यार्थ स्पष्ट कीजिए ?

नोट : कोई भी ५ प्रश्न कीजिये। प्रत्येक प्रश्न के लिए २० अंक निर्धारित है। उत्तर २०० शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए।

३३ भ्रमरगीत में व्यक्त गोपियों की वागविदग्धता का सोदाहरण विवेचन कीजिए ।

३४ 'कबीर सारग्राही महात्मा थे' उदाहरण देकर सिद्ध कीजिए ।

३५ 'पंचवटी' के आधार पर लक्ष्मण का सोदाहरण चरित्रांकन कीजिए ।

३६ बिहारी के उक्ति वैचित्र्य का सोदाहरण विवेचन कीजिए ।

३७ 'कामायनी' के श्रद्धा सर्ग में कथित श्रद्धा के सौंदर्य निरूपण का सोदाहरण विवेचन कीजिए ।

३८ आचार्य रामचंद्र शुक्ल की निबंध शैली की विशेषताओं का 'चिन्तामणि' के आधार पर सोदाहरण विवेचन कीजिए ।

३९ 'वीरसतसई' में वीरपुरुष वीरनारी और वीर बालक के लिए प्रयुक्त प्रतीकों की अर्थ व्यंजना उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए ।

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह

SEAL
सील